भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4082

दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**व्यापार को बढ़ावा देना**

**4082. श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) डेस्क नामक एक समर्पित प्लेटफॉर्म की स्थापना की है ताकि दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार, निवेश और व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या उद्देश्य हैं;

(ग) क्या इस संबंध में ईएफटीए ब्लॉक के प्रतिनिधि के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा टीईपीए ढांचे के अंतर्गत संयुक्त उद्यम, निवेश के अवसरों और प्रौद्योगिकी भागीदारी की संभावना तलाशने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ड़) : भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) ने दिनांक 10 मार्च 2024 को नई दिल्ली में व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। ईएफटीए वर्ष 1960 में स्थापित एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें स्विट्ज़रलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। टीईपीए के तहत, ईएफटीए अगले 15 वर्षों में भारत में 100 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहली बार है कि भारत ने व्यापार समझौते के अंतर्गत इस प्रकार की निवेश प्रतिबद्धता सुनिश्चित की है। टीईपीए के अध्याय 7 (निवेश संवर्धन और सहयोग) के प्रावधानों के अनुसार, भारत एक ईएफटीए डेस्क स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईएफटीए डेस्क का प्राथमिक कार्य ईएफटीए राज्यों के उन निवेशकों की सहायता

करना है जो भारत में निवेश करना चाहते हैं, निवेश कर रहे हैं या पहले ही निवेश कर चुके हैं। इसमें उनकी निवेश कार्यकलापों के दौरान सामने आने वाली किसी भी चुनौती या समस्या का समाधान करने में सहायता प्रदान करना शामिल है । फरवरी 2025 में, भारत सरकार ईएफटीए डेस्क की स्थापना के साथ अग्र सक्रिय रूप से आगे बढ़ी है । भारत में निवेश करने में आसानी (ईओडीबी) से संबंधित निवेश सहायता प्रदान करने के लिए एक समर्पित ईएफटीए डेस्क हेल्पलाइन ईमेल आईडी, eftadesk@investindia.org.in को सक्रिय किया गया है।

*****